राजस्थान सरकार
निदेशालय, खानं एवं भू विज्ञान विभाग
खनिज भवन, उदयपुर – 313 001
दूरभाष – (0294) – 2415091-95, e-mail – po.mg@rajasthan.gov.in

क्रमांकः– निदे/प–5(15)2019–20/4586 उदयपुर, दिनांकः–29/08/2019

**सीमित निविदा सूचना संख्या 02/2019–2020**

कार्यालय उपयोग हेतु Exide/ Amaron/ Luminous/ Okaya/ Digipower/ Su-Kam/ Tata Green/ Mtek Power या समकक्ष ब्रांड की बेटरीज क्रय करने हेतु निम्न विवरण के अनुसार मोहरबन्द सीमित निविदा आमन्त्रित की जाती है ।

| क.सं. | विवरण | मात्रा | अनुमानित कीमत (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 2 | 100AH 12V Tubular Battery for online UPS | 8 | 60000 |

**निविदा की शर्ते एवं दिशा निर्देशः–**

1. निविदा का पूर्ण विवरण एवं शर्ते विभागीय वेबसाईट http://www.mines.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है एवं डाउनलोड किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से दिनांक 30.08.2019 प्रातः 11:00 बजे से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि दिनांक 06.09.2019 दोपहर 3:00 बजे तक है। निविदायें दिनांक 06.09.2019 को सायः 04.00 बजे खोली जायेगी।
2. निविदायें दिनांक 06.09.2019 दोपहर 3:00 बजे तक निदेशालय के कमरा नम्बर 236 में जमा करवायी जा सकेगी। देरी से प्राप्त निविदाओं पर किसी भी प्रकार से विचार नहीं किया जावेगा। निविदायें दिनांक 06.09.2019 को सायः 04.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।
3. निविदादाता निविदा भरने से पहले निविदा प्रपत्र एवं शर्ते व निर्देश को सावधानी पूर्वक पढ लें।
4. निविदा फार्म सही तरीके से प्रत्येक कॉलम की पूर्ति करते हुये भरा जाये किसी प्रकार की ओवर राइटिंग नहीं की जाये। ओवरराईटिंग होने पर लघु हस्ताक्षर करें । अपूर्ण निविदा तथा सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा फॉर्म एवं उसके साथ संलग्न प्रत्येक दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता को हस्ताक्षर करने अनिवार्य हैं।
5. Exide/ Amaron/ Luminous/ Okaya/ Digipower/ Su-Kam/ Tata Green/ Mtek Power या समकक्ष ब्रांड की बेटरीज़ के निर्माता/अधिकृत वितरक/डीलर ही बोली में भाग लेने लिये योग्य होंगे। प्रमाण स्वरूप निर्माता/अधिकृत वितरक/डीलर प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी।
6. स्वयं का घोषणा पत्र संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा।
7. GST न. एवं रजिस्टेशन प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। यदि लागु नही होता है तो उल्लेख करें।
8. निविदा में अंकित सामग्री भारतीय मानक ब्युरो या समकक्ष द्वारा प्रमाणित होनी आवश्यक है।
9. सामन की सप्लाई निविदा प्रपत्र में दिये गये स्पेशिफिकेशन के अनुसार करनी होगी।
10. सामग्री स्टेन्डर्ड वारंटी के तहत कवर होनी चाहिये एवं वारंटी अवधि अंकित करनी होगी।
11. वर्तमान में Online UPS में कुल 8 UPS100 ब्रांड की 100AH 12V Battery लगी हुई है जिसकी Buy back कीमत प्रति Battery अंकित करनी होगी।
12. निविदादाता किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय पर दिनांक 05.09.2019 तक वर्तमान में स्थापित बेटरीज देख सकते है।
13. दरें F.O.R डेस्टीनेशन एवं कर सहित होगी।
14. सामग्री की आपुर्ति केन्द्रीय भण्डार, निदेशालय खान एवं भू विज्ञान विभाग, खनिज भवन, शास्त्री सर्कल, उदयपुर को करनी होगी।

Scanned by CamScanner

15. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथी को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस में निर्धारित समय तक निविदा ली जायेगी। यदि निविदा खोलने की तिथी को अवकाश होता है तो आगामी कार्य दिवस में निर्धारित समय पर निविदा खोली जायेगी।

16. सप्लायर को सामान की आपूति कय आदेश जारी होने की तिथी से 15 दिवस के अन्दर करनी होगी। सामान आपूर्ति के समय में वृद्धि चाहने के लिये सामान आपूर्ति की अंतिम तिथी से पूर्व निहित परिस्थितियों के वर्णन के साथ आवेदन करना होगा, परन्तु इस संबंध में विभाग का निर्णय अंतिम होगा।

17. सामाग्री का भुगतान सामग्री के सफलतापूर्वक स्थापना के बाद एवं विभाग की निरीक्षण कमेटी के निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा। एवं सामान में अथवा कार्य में कोई भी डिफेक्ट पाये जाने पर सप्लायर को अपने खर्चे पर रिप्लेस करना होगा।

18. न्यूनतम दरों को स्वीकार करने के लिये विभाग बाध्य नहीं है एवं प्राप्त निविदा को अथवा उसके किसी भी भाग को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का पूर्ण अधिकार निम्नहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है ।

19. कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा तथा न ही किसी प्रकार का ब्याज दिया जायेगा।

20. समस्त निविदा कार्यवाही राजस्थान सरकार के सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 तथा नियम 2013 के अन्तर्गत की जा रही है । अतः इनके प्रावधान प्रभावी रहेगें ।

21. किसी प्रकार का विवाद होने पर क्षेत्राधिकार उदयपुर स्थित सिविल न्यायालय का रहेगा।

अतिरिक्त निदेशक
(खान–मुख्यालय)

क्रमांकः– निदे/प–5(15)2019–20/4587-4588 उदयपुर, दिनांकः 29/8/2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1– नौडल अधिकारी, डी.एम.जी.ओ.एस., के0का0उदयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त निविदा सूचना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करावे ।

2– नोटिस बोर्ड,के0का0,राज0उदयपुर।

अतिरिक्त निदेशक,
(खान–मुख्यालय)

Scanned by CamScanner

राजस्थान सरकार
निदेशालय, खान एवं भू विज्ञान विभाग
खनिज भवन, उदयपुर – 313 001/Khanij Bhawan, Udaipur-313 001
दूरभाष – Phones : (0294) – 2415091-95 Exten. फेक्स/Fax : (0294)-2410526
e-mail – – po.mg@rajasthan.gov.in

# निविदा प्रपत्र

1. निविदा संख्या :– 3/2019–20
2. सामग्री जिसके लिये निविदा दी जा रही है – **बेटरीज़**
3. निविदादाता का नाम, पता व कोन्टेक्ट नं0

मैसर्स..........................................................

..........................................................................

मैं/हम निम्नानुसार निविदा दरें प्रस्तुत करता हूँ/करते हैं।

| क्र0 सं0 | सामान का नाम | अनुमानित मात्रा | सामान का मेक | दर प्रति नग (GST सहित) | पुरानी बेटरी की पुनःखरीद की दर प्रति नग |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 100AH 12V Tubular Battery for online UPS | 8 | | | |
| | | | | | |

नोट :– कोट की गई सामग्री अच्छी गुणवत्ता की होनी चाहिये एवं विभाग द्वारा मांगे जाने पर निविदादाता को नमूना प्रस्तुत करना होगा एवं अनुमोदित नमूने के अनुसार ही सामग्री की सप्लाई करनी होगी।

(i) अन्य संलग्न अन्य दस्तावेजों का विवरण निम्नानुसार है।

1...........................................................

2...........................................................

3...........................................................

**हस्ताक्षर निविदादाता**

Scanned by CamScanner

# घोषणा

मैं / हम घोषणा करते हैं कि निविदा में की गयी प्रविष्टियां मेरे हमारे ज्ञान और विश्वास में सही हैं। मैं /हम यह भी पुष्टि करते हैं कि मैंने /हमने इस निविदा दस्तावेज में निहित सभी नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और इसकी पालना करने के लिए सहमत हैं।

मैं / हम यह मानते हैं कि उपरोक्त तथ्यों / सूचनाओं को झूठा पाया गया तो डीएमजी, उदयपुर अपने पूर्ण विवेकाधिकार में किसी भी असाइनमेंट को अस्वीकार / रद्द कर सकता है और इस तरह के मामले में मैं /हम उस असाइनमेंट के संबंध में किसी भी नुकसान / दावा करने के हकदार नहीं होगे ।

हस्ताक्षर निविदादाता

Scanned by CamScanner